Publication: **Amar Ujala** | Region: **Delhi** | Date: **12/03/2014** | Page No.: **11**

रिलायंस लाइफ ने लांच किया स्मार्ट कैश प्लस प्लान

नई दिल्ली (ब्यूरो)। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने नए पारंपरिक उत्पाद रिलायंस स्मार्ट कैश प्लस प्लान के लांच की घोषणा की है। इस प्लान में बेहतर सुरक्षा, आवधिक लिक्विडिटी और दीर्घकालिक बचत के तिहरे फायदे उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। रिलायन्स स्मार्ट कैश प्लस प्लान एक नियमित प्रीमियम नॉन-लिंक्ड योजना है जिसमें दीर्घकालिक बचत और सुरक्षा का बेहतरीन संयोजन है, साथ ही पॉलिसी के चौथे साल के समाप्त होते ही उसके हर तीन साल पर एक मुश्त भुगतान की गारंटी भी देती है । इस नए प्लान का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह मनी बैक भुगतान की गारंटी देता है जो पॉलिसी की अवधि के दौरान हर भुगतान के साथ 5 फीसदी बढ़ता जाता है और मैच्योरिटी पर 100 फीसदी एश्योर्ड राशि भी देता है।